पत्र संख्या-आई0टी0- प्रवर्तन माड्यूल (2017-18) // 146/17180064 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0 अनुभाग)
लखनऊ // दिनांक // मई, 02 2017

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली को अधिक सुगम बनाने एवं उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से " Comtax UP Officer" नाम से Android Mobile App लांच किया गया है जिसका लिंक विभाग की वेबसाइट तथा Google Play पर भी डाउनलोड हेतु उपलब्ध है। इस App के द्वारा सचल दल तथा कर निर्धारण कार्यालय में तैनात अधिकारियों हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। सचल दल में तैनात अधिकारियों को Presence Marking, Detention Memo Generation तथा TDF/e-sancharan Verification की सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा कर निर्धारण कार्यालय में तैनात अधिकारियों द्वारा डीलर रजिस्ट्रेशन रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अधिकारियों की सुविधा हेतु Dealer Search तथा Commodity Search का विकल्प भी दिया गया है।

ऐप से सम्बंधित प्रमुख बिन्दु निम्नवत् हैं :-

1- ऐप मे लॉगिन करने के लिये अधिकारी द्वारा अपनी Emp ID एवं EIS में रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर अंकित किया जायेगा तत्पश्चात् रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर प्राप्त OTP द्वारा Verify करने पर अधिकारी ऐप में लॉगिन कर सकेगें।

2- लॉगिन के पश्चात Home page पर अधिकारियों की जानकारी हेतु सर्कुलर/ नोटिस उपलब्ध है।

3- Menu में दिये गये विकल्प Profile द्वारा अधिकारी का नाम, पद, कार्यालय तथा मोबाइल नम्बर देखा जा सकता है।

4- अधिकारियों की सुविधा हेतु Dealer Search एवं Commodity Search के Option भी App Menu पर उपलब्ध हैं।

5- सचलदल में तैनात अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन पॉच बार Presence Marking करने के निर्देश के क्रम में Presence Marking का Option ऐप के Menu में उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक सचल दल अधिकारी द्वारा ड्यूटी के आरम्भ व अन्त के समय तथा बीच में तीन बार ड्यूटी स्थल से ही Presence Marking की जायेगी।

6- सचल दल अधिकारी ऐप के Generate Detention Memo Option के माध्यम से गाडी संख्या, गाड़ी रोके जाने का कारण Drop down से Select कर, फोटो अपलोड करके Detention Memo जारी कर सकेगें।

*** क्रम संख्या - 5, 6 हेतु** (Presence Marking तथा Detention Memo जारी करने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके मोबाइल का GPS Switched On हो।)

7- TDF / e-sancharan Verification हेतु Menu में दिये गये विकल्प " Verify TDF/ e-sancharan" पर जायें Select type में TDF अथवा e-sancharan का विकल्प सेलेक्ट कर के TDF / अथवा e-sancharan नम्बर भरेगें। तत्पश्चात् Verify का बटन click करने पर TDF / e-sancharan का विवरण प्राप्त कर सकेंगें।

8- खण्ड में तैनात अधिकारी Registration Report Option के माध्यम से अपने लॉगिन पर Pending Registration Application एवं Pending TIN Grant की स्थिति की जानकारी मोबाइल पर प्राप्त कर सकेगें।

9- Mobile App से बाहर जाने के लिये Menu में दिये गये अंतिम Option "logout" का प्रयोग करेंगें।

अतएव समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर उत्तर प्रदेश को निर्देशित किया जाता है कि उक्त App को समस्त सचल दल अधिकारियों के मोबाइल पर डाउनलोड करके अधिकारियों की Attendance इस App के माध्यम से Online Record करना सुनिश्चित करायेंगें तथा दिनॉक 05-05-2017 के पश्चात Detention Memo इसी App के माध्यम से प्राप्त किये जायेगें। विभाग में पूर्व से संचालित SMS से Detention Memo प्राप्त करने की सुविधा Backup Solution के रुप में जारी रहेगी।

अत: उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए सचलदल के कार्यो का प्रभावी अनुश्रवण कराना सुनिश्चत करायें।

2/05/17

(मुकेश कुमार मेश्राम)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।